# चार दिन में 5500 करोड़ के सौदे, 5 .48 लाख से अधिक लोग पहुंचे

**यूपी ट्रेड शो**

**जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के लोकल से ग्लोबल विजन पर आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो (यूपीआइटीएस) में पिछले दिन में 5500 करोड़ यानी 574 मिलियन डालर के 3,765 व्यापारिक समझौतों (एमओयू) पर हस्ताक्षर हो चुके हैं, जबकि 12,500 करोड़ की कारोबारी पूछताछ दर्ज हुई है। फियो के अपर महानिदेशक सुविध शाह के अनुसार, चार दिनों में कुल 35,387 बी2बी बैठकें हुई हैं। इनमें रिवर्स बायर्स-सेलर्स मीट (आरबीएसएम) में 11,887 बैठकें और मुख्य प्रदर्शनी क्षेत्र में 23,500 बी2बी मीटिंग हुईं। इसमें यूपी के उद्यमी सीधे वैश्विक खरीदारों से जुड़े।

आंकड़े बताते हैं कि यूपीआइटीएस अब सिर्फ प्रदर्शनी नहीं, बल्कि यूपी के उत्पादों को बाजार से जोड़ने वाला बड़ा व्यापारिक मंच बन गया है। एमएसएमई, ओडीओपी, हथकरघा, हस्तशिल्प, कृषि उत्पाद, खाद्य प्रसंस्करण और आधुनिक विनिर्माण से जुड़े उद्यमियों को घरेलू और विदेशी खरीदारों से सीधे संवाद का मौका मिला। कारोबार के साथ जनभागीदारी भी जबरदस्त रही। 28 सितंबर तक कुल 5,48,881 फुटफाल दर्ज हुई, जिसमें 1,56,523 घरेलू कारोबारी खरीदार और 3,92,358 सामान्य आगंतुक शामिल हैं। इंडिया एक्सपो मार्ट के सभी हालों में लगातार कारोबारी गतिविधियां चल रही हैं। इस शो का शुभारंभ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री ने संयुक्त रूप से किया था। इस संस्करण में प्रदेश की औद्योगिक क्षमता और स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने पर जोर है।



ओडीओसी के पवेलियन में उमड़ी भीड़ • सौ. प्रशासन

## ड्रोन व विमान की जानकारी ले रहे लोग

ट्रेड शो में स्टार्टअप्स भी आकर्षण का केंद्र बने हैं। स्टार्टअप मिशन के पवेलियन में 60 स्टार्टअप्स को प्रदर्शित किया गया है। तीन दिनों में 5000 से अधिक लोगों ने इनके बारे में जानकारी ली है। यूपी स्टार्टअप मिशन सीईओ सुमित महाजन ने बताया कि आइटी और आइटीईएस, हेल्थटेक, एडटेक, कृषि, डीपटेक और इंफ्रास्ट्रक्चर के स्टार्टअप प्रमुख हैं।

## अब एक जिला एक क्लस्टर पर हो रहा है काम : केशव मौर्य

**जासं, ग्रेटर नोएडा :** यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि एक जनपद-एक उत्पाद और एक जनपद-एक व्यंजन के बाद अब एक जनपद-एक क्लस्टर बनाने की योजना पर काम होगा। उन्होंने गाजर, काला नमक चावल और जालौन के मटर का जिक्र करते हुए कहा कि यूपी के फूड प्रोडक्ट की गुणवत्ता इतनी अच्छी है कि विदेश में भी इसकी मांग है। हम लोकल फार वोकल से विदेशी बाजार मे दस्तक दे रहे हैं। प्रदेश सरकार फूड प्रोसेसिंग प्लांट के लिए पुरुषों को 60 प्रतिशत और महिलाओं को 90 प्रतिशत सोलर सिस्टम पर सब्सिडी दे रही है।



केशव प्रसाद मौर्य • फाइल

## निवेशकों में भरोसे से बना उत्तर प्रदेश का अपना क्रेडिट : नंद गोपाल नंदी

**जासं, ग्रेटर नोएडा:** ट्रेड शो के चौथे दिन औद्योगिक विकास मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी ने कहा कि यूपी ने निवेशकों के बीच अपना क्रेडिट भरोसे से बनाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश की औद्योगिक पहचान बदली है। अब सरकार निवेशकों को सिर्फ आमंत्रित नहीं करती, बल्कि उद्योग लगने तक हैंडहोल्डिंग करती है। यूपी पर अंतरराष्ट्रीय भरोसा बढ़ा है, यूपीआइटीएस में कई देशों की भागीदारी इसका प्रमाण है। डिफेंस कारिडोर के छह नोड लखनऊ, कानपुर, झांसी, चित्रकूट, अलीगढ़ और आगरा में 40,000 करोड़ के प्रस्ताव आ चुके हैं और 1142 हेक्टेयर भूमि आवंटित हो चुकी है।



नंद गोपाल गुप्ता नंदी • जागरण